तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024


12 समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 से, छोटे दो और बड़े किसान ...


10 महादेवघाट में सिमट गई मेले की जमीन दुकान ...



Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### विधायक कुंवरसिंह ने आकाश के लिए मांगा वोट



**गुण्डरदेही।** सोमवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में ब्राह्मण पारा, सोनकर पारा, लाखे नगर एवं भोईपारा में रैली निकालकर चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने घर–घर जाकर समर्थन मांगा।

### पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में लगा सोलर पैनल



**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा, विकासखंड गुण्डरदेही, जिला बालोद में विद्युत आपूर्ति के लिए सोलर पैनल लगाया गया। डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, बीईओ नवीन कुमार यादव, एबीईओ केआर साहू, श्रद्धा ठाकुर, बीआरसी किशोर कुमार साहू, संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पांडे के विशेष प्रयास से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में उपरोक्त कार्य किए गए। इसके लिए शाला के प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर ने उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। सोलर प्लांट लगने से गर्मी में नौनिहालों को पंखे की हवा भी नसीब हो सकेगी। इससे उन्हें पढ़ाई लिखाई में काफी सहूलियत होगी। साथ ही स्वच्छ पेयजल भी आसानी से मुहैया कराया जा सकेगा।

### कोचवाही में डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** विकासखण्ड के अंतर्गत सत्य मेव जयते संगठन एवं ग्रामवासी कोचवाही के तत्वावधान में देवउठनी एकादशी के अवसर पर 12 नवम्बर को एक दिवसीय छत्तीसगढ़स्तरीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष तैय्यब अली ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये प्रदान किया जाएगा। इसी तरह युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, दितीय पुरस्कार 3501 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2501 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3501 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1501 रुपये रखा गया है।

### सट्टा के ठिकाने पर दबिश 6 गिरफ्तार

**भिलाई।** बड़े पैमाने पर चल रहे सट्टे का अवैध कारोबार करने वाले अड्डे में पुलिस ने दबिश दी। जहां से पुलिस ने महिला युवक समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। छावनी सीएसपी हारिश पाटिल और उनकी टीम 8 नवंबर की दोपहर 18 नंबर रोड पहुंची। जहां पूर्णावती उर्फ भद्रकाली के घर में दबिश दिया। दोनों थाना प्रभारी जामुल टीआई, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर भी ने पुलिस की टीम के साथ दरवाजा खुलवाकर अंदर घुसे।

## हादसा : जिले में अलग-अलग तीन स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाएं

# रफ्तार पर नहीं लग रही लगाम सड़क दुर्घटना में गई 2 की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बोहारडीह के पास सीमेंट पोल से टकराई बाइक

जिले में तेज रफ्तार पर न तो पुलिस तथा यातायात विभाग लगाम लगा पा रहा है और न ही लोग खुद पर नियंत्रण रख पा रहे हैं। यही कारण है कि तेज रफ्तार का कहर आए दिन सड़कों पर देखने को मिल रहा है। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही है। जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जिसमें जहां दो लोगों की मौत हो गई, कुछ लोग घायल भी हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ग्राम बोहारडीह के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम पेवरो निवासी लीलेश यादव रविवार को अपने बेटे आकाश यादव को आमाडुला हॉस्टल छोड़ने जा रहा था।

वह अपने बेटे आकाश और गांव के पूरन मंडावी के साथ मोटर सायकल से करीबन शाम 4.30 बजे गांव से आमाडुला हॉस्टल को छोड़ने गए थे। आमाडुला हॉस्टल पहुंचने पर पता चला कि आकाश यादव का आधार कार्ड, फोटो ले जाना भूल गए। उसके कारण उसे हॉस्टल में नहीं रखा गया। तब तीनों वापस गांव पेवरो जा रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल को पूरन मंडावी चला रहा था और दोनों पिता-पुत्र पीछे बैठे थे। इस बीच रात्रि करीबन 7:30 बजे उनकी मोटर साइकिल ग्राम बोहारडीह के आगे घाट में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सीमेंट के पोल से टकरा गई। इससे पूरन मंडावी के सिर, चेहरा, सीना में गंभीर चोट आई। इससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

### जिला मुख्यालय से लगे रामघाट के पास हुआ हादसा



### दो बाइक आपस में भिड़ीं, एक की मौत, तीन घायल

एक अन्य घटना जिला मुख्यालय से लगे रामघाट के पास हुई, जहां तेज रफ्तार दो बाइक में आमने-सामने टक्कर होने से एक बाईक सवार की मौत हो गई, जबकि एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना रविवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार छावनी भिलाई निवासी शशिकांत पटेल अपने भतीजे वंश कुमार और ससुर भूषण लाल के साथ जन्मोत्सव एवं छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर बालोद से झलमला रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान एक पुलिसकर्मी दीपक पाटिल झलमला की ओर से तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए आ रहा था। इस दौरान दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे शशिकांत पटेल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। हालांकि पुलिसकर्मी सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। हालांकि, उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### बाइक सवार पिता और पुत्री को चारपहिया ने मारी टक्कर, घायल




- गुरुर नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास हुई दुर्घटना

गुरुर नगर के नेशनल हाइवे 930 सड़क किनारे स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। रविवार को ग्राम कोलियामार निवासी रिटायर्ड प्रचार्य बालाराम ठाकुर अपनी बेटी के साथ देर शाम को बाइक से तार्री जा रहे थे। इस दौरान बैरिकेड लगे होने और रात के समय अंधेरा होने के चलते बैरिकेड ठीक तरह से दिखाई नहीं दिया, जिसके कारण महेन्द्रा स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 24 7903 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पीछे से ठोकर मार दी। इससे सेवानिवृत्त प्राचार्य व उनकी बेटी सड़क पर गिर गए। दोनों को मामूली चोट आई है। दरअसल अंग्रेजी शराब दुकान के पास शराब प्रेमियों का जमावड़ा लगा रहता है, वहीं शराब दुकान के आस पास निवासरत लोगों को शराबियों से हो रही समस्याओं को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित किया था जिसके बाद प्रशासन ने स्थिति को सुधारने के बजाए सड़क पर बैरिकेड लगाकर मामले की इतिश्री कर दी गई। जबकि सड़क पर बेरिगेड लगने से आवागमन करने वालो की मुश्किलें बढ़ गई है, आए दिन लोग सड़क हादसे के शिकार हो रहे हैं।

# ग्रामीणों व पुलिस की सक्रियता से बची 28 मवेशियों की जान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- ग्राम रेंगाडबरी के नाका पारा रोड पर मंगचुवा पुलिस ने पकड़ा मवेशियों से भरा वाहन
- पुलिस को देखकर वाहन से कूदकर फरार हो गया चालक

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के नाका पारा रोड पर सोमवार को अलसुबह लगभग 4 बजे अवैध रूप से कत्लखाना ले जाते हुए मवेशियों से भरे एक वाहन को मंगचुवा पुलिस ने नाकेबंदी कर पकड़ा। इसमें रेंगाड़बरी के ग्रामीणों का भी सहयोग रहा। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक जंगल के रास्ते फरार हो गया। काफी दूर तक पुलिस के जवानों ने ड्राइवर का पीछा किया, परन्तु अंधेरा व जंगल की वजह से वह भागने में कामयाब हो गया।

मंगचुवा थाना प्रभारी राधा बोरकर ने बताया कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि वनांचल के मार्ग से होते हुए कत्लखाना के लिए अवैध मवेशियों से भरी वाहन निकलने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मार्ग से जा रही टाटा मेटाडोर वाहन क्र सीजी 07 सी 8401 को ग्राम रेंगाडबरी के नाका पारा रोड पर रोका गया। पुलिस को देखकर ड्राइवर वाहन को चालू हालत में ही खड़ाकर वाहन से कूदकर भाग गया। पुलिस ने काफी दूर तक उसका पीछा भी किया, पर अंधेरा व जंगल का फायदा उठाकर भाग निकला। वाहन में छोटे-बड़े गाय बछिया व बछड़ा मिलाकर कुल 28 जानवर थे। सभी मवेशियों को मंगचुवा के थाना परिसर में ही पशु चिकित्सक को बुलाकर विधिवत मुलाहिजा व स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बालोद स्थित महावीर गौशाला के लिए रवाना किया गया है। वाहन चालक के खिलाफ 4,6 छग कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत मामला दर्ज कर जांच विवेचना में लिया गया है।

## 89 पौवा शराब का अवैध परिवहन करते दो पकड़ाए

- मुखबिर की सूचना पर थाना राजहरा एवं स्पेशल टीम बालोद ने की कार्रवाई

**दल्लीराजहरा।** थाना राजहरा व स्पेशल टीम बालोद द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए टाउन/देहात रवाना हुआ। टाउन भ्रमण के दौरान ग्राम कारूटोला में जरिये मुखबीर सूचना मिली कि दो व्यक्ति अपने दोपहिया वाहन से अधिक मात्रा में शराब रखकर परिवहन करते भट्ठी राजहरा से ग्राम भोयरटोला की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने ग्राम भोयरटोला पुल के पास जाकर आने जाने वाले व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के दौरान संदेही दो व्यक्ति बिना नंबर की दोपहिया से आते दिखे। उन्हें रोककर पूछताछ की गई। उन्होंने अपना नाम संतु यादव पिता पुनित राम यादव उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड 22 दल्लीराजहरा एवं गोकुल कुमार पटवा पिता श्रवण कुमार पटवा उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड 24 दल्लीराजहरा थाना राजहरा जिला बालोद का रहने वाला बताया। इस दौरान दोपहिया में रखी बोरी की जांच करने पर उसमें 89 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई। कुल 16.020 बल्क लीटर शराब की कीमत 8010 रूपये आंकी गई है। इसके साथ ही शराब के अवैध परिवहन के लिए उपयोग में लाई गई बिना नंबर की दोपहिया कीमती 60000 रूपए को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों धारा सदर 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।



## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों के निराकरण के संबंध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने 11 नवंबर को अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड शिक्षाधिकारी डौंडीलोहारा को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मांगों में मोदी की गारंटी के तहत, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर, समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूए/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान डौंडीलोहारा जिला संचालक वेदप्रकाश साहू, ब्लॉक संचालक अविनाश कुमार साहू, अनिल कुमार दिल्लीवार, राजेश यादव, कीर्ति कुमार चंद्राकर, बृजमोहन दास मानिकपुरी, संतोष देवांगन ,रविंद्र नाथ योगी,अमित सिन्हा, परमानंद साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शासकीय विद्यालय सोरर की एनएसएस इकाई ने करहीभदर में लगाया शिविर

# स्वयंसेवकों ने दिया नशामुक्त समाज बनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम करहीभदर में 8 से 14 नवंबर तक शिविर लगाया गया है। शिविर में शिविरार्थी छात्रों ने अपने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में ग्राम में स्वच्छता अभियान के रूप ग्राम में सफाई की गई एवं नशा मुक्त समाज बनाने की संदेश भी दिया गया।

प्रथम दिवस 8 नवंबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत करहीभदर लीलाराम डड़सेना थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरर पीआर. ठाकुर एवं प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीभदर एसी. नायक ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति करहीभदर भोमराज साहू एवं उपसरपंच ग्राम पंचायत करहीभदर दाऊलाल कस्तूरे एवं सभी पंचायत पंचगण विराजमान हुए। 10 नवंबर को व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद को मालार्पण किया गया।

उसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विशेष अतिथि राजेन्द्र कुमार सिन्हा गायत्री परिवार ने उपस्थित शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की सेवा मानव जीवन का प्रथम कर्तव्य है, सेवा ही राष्ट्र की आराधना है। प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में कोई भी पद में रहकर समाज की निष्काम भाव से सेवा कर सकता है। समाज भगवान का ही एक विराट स्वरूप है सभी प्राणी में ईश्वर का अंश आत्मा विराजमान है अतः सभी को समान रूप से प्रेम करना चाहिए। इसी सेवा कार्य स्थायी रूप में मानव को शांति व आनंद की प्राप्ति होती है।

एक अच्छे चिंतनशील, चरित्रवान व व्यवहारकुशल व्यक्ति ही ईश्वर उपासक साधक बनकर समाज की सेवा आराधना कर सकता है। शासकीय सेवारत हो या अशासकीय दोनों ही क्षेत्र में हम ईमानदारी समझदारी व जिम्मेदारी के साथ परिवार, समाज व देश की सेवा कर सकते हैं इसी से राष्ट्र प्रगति उन्नति कर समृद्धशाली बन सकती है। उपस्थित सभी शिविरार्थियों को ज्ञानवर्धक साहित्य का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से युवा प्रकोष्ठ कार्यकर्ता मुकेश कुमार साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ परिजन शंकरलाल साहू एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित हुए।

## पेट्रोल पंप से चोरी हुआ हाईवा मिला, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** पेट्रोल पंप से हाइवा चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नेहरुनगर स्थित चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल के पास स्थित पेट्रोल पंप है। लक्ष्मी नगर सुपेल निवासी अनिल कुमार राय 31 अक्टूबर को हाइवा सीजी 08 व्ही 1058 को चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर के बगल पेट्रोल पंप में खड़ी किया था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गए थे। शिकायत पुलिस में किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला खंगालना शुरु किया। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि हाइवा ग्राम ढाबा(बोरी) रोड में खराब होने से खड़ी पड़ी मिली। आरोपी दनिया बोरी हाल पता पद्मु नगर भिलाई तीन हरीश यादव और ग्राम परसदापार पोस्ट नवागांव थाना बोरी हेमराज साहू के कब्जे से जब्त किया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# बायोगैस प्लांट लगाने जहां तय की जमीन, वहां फिर होने लगा अवैध कब्जा

## रावांभाठा की जमीन लीज पर देने स्वीकृति की प्रक्रिया 8 महीने से फाइलों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और बिरगांव नगर निगम को रोज वार्डों से मिलने वाले ठोस कचरे का स्थाई निदान के लिए होने वाली कारगर पहल 8 महीने से फाइलों में उलझी हुई है। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए बिरगांव निगम सीमा के रावांभाठा वार्ड में स्थित 20 एकड़ से ज्यादा एरिया को चिन्हांकित करने के बाद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इस जमीन को लीज पर देने का मसौदा तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजने के बाद से फाइल ठंडे बस्ते में है। दूसरी तरफ प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन पर एक बार अवैध कब्जा होने लगा है।

राजधानी में दो निगमों के बीच सीबीजी प्लांट लगाने की तैयारी जिस उत्साह से शुरू की गई, वह अब फाइलों के ढेर का हिस्सा बन चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि रायपुर और भिलाई निगम सीमा में अलग-अलग कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करने त्रिपक्षीय समझौता 8 महीने पहले यानी मार्च में हुआ। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करने वाला है। सरकार के साथ सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी सरकार ने दिलाया है। इसके मद्देनजर रायपुर निगम प्रशासन ने शहर के पानी को फिल्टर करने वर्षों पहले बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू कर मसौदे की फाइल तैयार करने के बाद सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजी है।



**नहीं बनी डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट :** सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए त्रिपक्षीय समझौता इसलिए किया गया था, ताकि रायपुर और बिरगांव निगम के वार्डों से रोज निकलने वाले कचरे का उपयोग कर उससे बायोगैस तैयार की जाए। जमीन का मसौदा सुलझाने में हो रहे विलंब के चलते संयंत्र लगाने डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी नहीं बनी है। इस प्रोजेक्ट के तहत बीपीसीएल के साथ छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) व रायपुर और भिलाई निगम के बीच समझौता हुआ। इसके बाद से काम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया जमीन लीज की स्वीकृति में फंसी है।

### लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई

बायोगैस प्लांट के लिए रावांभाठा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खाली कराई गई जमीन पर अगर कब्जा हो रहा है तो उसे लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई कर खाली कराया जाएगा। इस बहुआयामी योजना को शुरू करने में हरसंभव सहयोग व पहल करेंगे।

*- अबिनाश मिश्रा*
आयुक्त, ननि रायपुर

### प्लांट की क्षमता 100-150 टन

केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम बीपीसीएल 100 करोड़ के निवेश के साथ सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100 से 150 टन प्रतिदिन होगी। सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में प्रतिदिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग होगा। संयंत्र से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को रोजगार मिलेंगे। हर साल 45 लाख रुपए जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री पर फोकस करने का प्रावधान है। इससे जैविक खेती को बढ़ावा के साथ शहर स्वच्छ होगा।

## बंद लाइटें सुधारी जाएंगी, पाथवे की मरम्मत समेत अन्य कार्य शामिल

# कारी, नरैया, कंकाली समेत 40 तालाबों और 43 उद्यानों के मेंटेनेंस पर खर्च होंगे छह करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के आमापारा स्थित कारी तालाब, टिकरापारा सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब, ब्राह्मणपारा वार्ड के कंकाली तालाब, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहिणीपुरम तालाब समेत 40 तालाबों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 43 उद्यानों के मेंटेनेंस के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी ने एजेंसी तय कर दी है। अनुबंधित एजेंसी इन तालाबों और बगीचों में सौंदर्यीकरण के दौरान बंद पड़ी लाइट सुधारने, पाथवे मरम्मत, पचरी की मरम्मत से लेकर स्थल की सुंदरता बरकरार रखने का कार्य करेगी। रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए ठेका दिया गया है। इस पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के 40 तालाबों और 43 गार्डन के संरक्षण-संवर्धन के लिए सफाई, सौंदर्यीकरण संबंधी प्रोजेक्ट शुरू किया गया। संबंधित अनुबंधित एजेंसी को प्रोजेक्ट पूरा करने के साथ ही एक साल के मेंटनेंस की शर्त शामिल रही। इनमें से कई तालाब ऐसे रहे, जिसमें मेंटेनेंस अवधि पूरी होने के बाद भी संचालन व संधारण के लिए एजेंसी तय नहीं हुई। इसके चलते इन तालाबों पर करोड़ों खर्च कर लगाई गईं आकर्षक लाइटें बंद पड़ी हैं। पाथवे देखरेख के अभाव में धंस गए हैं, तालाब की सुंदरता बढ़ाने लगाए गए उपकरणों में टूट-फूट के बाद दोबारा उन्हें सुधारा नहीं गया। जनशिकायतों के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट के 40 तालाबों और 43 गार्डन के मेंटेनेंस के लिए टेंडर कर एजेंसी तय की है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक चयनित तालाबों के सौदर्यीकरण के मेंटेनेंस का काम करेगी।



### वर्कआर्डर जारी

रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट में शामिल 40 तालाबों और 43 गार्डन में कराए गए कार्य के 5 साल तक मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय कर वर्क आर्डर दे दिया है। इस कार्य पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। साथ ही राजधानी के 4 चौक के मेंटेनेंस का काम इसमें शामिल है।

*- पीके पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### इन तालाबों की देखरेख के लिए एजेंसी तय

- आमापारा कारी तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- टिकरापारा का नरैया तालाब प्रोजेक्ट
- डबरी तालाब शताब्दी नगर
- भाठागांव का आछी तालाब सौंदर्यीकरण लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट
- रोहिणीपुरम तालाब री-डेवलपमेंट, ब्यूटीफिकेशन प्रोजेक्ट
- शीतला तालाब
- जरवाय तालाब, अमलीडीह तालाब, शिवनगर पैठू तालाब
- चिरौजी तालाब, पुरैना तालाब
- पंडरी तालाब ब्यूटीफिकेशन री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- बंधवा तालाब कचना, गोंदवारा तालाब
- मोतीबंद तालाब जोरा, सोनडोंगरी तालाब
- शीतला तालाब पुरानी बस्ती मोवा
- कंकाली तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, डगनिया तालाब

इसके अलावा निगम सीमा क्षेत्र में चिन्हांकित अन्य तालाबों का मेंटेनेंस कार्य शामिल है। इसी तरह नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित विभिन्न वार्डों में स्थित 43 बगीचों की देखरेख व संधारण कार्य अनुबंधित एजेंसी के जिम्मे दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### निर्मलकर ने किया मड़ई-मेला का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने दूधाधारी मठपारा, भाठागांव, मठपुरैना, कुशालपुर बोरियाखुर्द सहित अनेक स्थानों पर पहुंचकर मड़ई-मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री निर्मलकर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मड़ई-मेला हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति है, जिसे सभी जाति-समाज के लोग मिलकर मनाते हैं। विशेषकर यादव और आदिवासी समाज की भूमिका आयोजक के रूप में होती है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, चंद्रपाल धनगर, सतनाम सिंह, निशा-देवेंद्र यादव, गोपाल वर्मा, चोवाराम देवांगन, वरुण निर्मलकर, नीलू निर्मलकर, हेमंत निर्मलकर आदि शामिल रहे।

### प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने प्रफुल्ल



**रायपुर।** गुरु घासी दास सांस्कृतिक भवन में रविवार को प्रांताध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की महासमिति की बैठक हुई। जिसमें संघ संविधान के नियमानुसार प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रांताध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में मुकेश टंडन द्वारा प्रांताध्यक्ष पद के लिए प्रफुल्ल कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसमें और कोई अन्य नाम प्रस्तावित नहीं होने के कारण सर्व सहमति से प्रदेश के समस्त 33 जिलाध्यक्षों के सहमति से प्रफुल्ल कुमार को पुनः आगामी तीन वर्ष के लिए निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के संरक्षक रविंद्र तिवारी और सह निर्वाचन अधिकारी प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एसपी देवांगन उपस्थित रहे।

### आरईडी विभाग के कर्मचारी शिरोमणी से सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास थे। राजेश कुमार सुमन और प्रकाश दास को पाली शिरोमणी पुरस्कार दिया गया । कर्म शिरोमणी पुरस्कार दीपक कुमार वर्मा, राहुल सरकार, मोहम्मद इमरान, पूरन दास बंजारे व सूरज लाल को मिला । कार्यक्रम में महाप्रबंधक आर गोपालाकृष्णन तथा उप महाप्रबंधक सतीष कुमार अग्रवाल वआरईडी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय व अति. श्रम कल्याण अधिकारी चैत राम साहू द्वारा किया गया।

## गुंडरदेही में लगा सात दिवसीय सहज राजयोग शिविर




**गुण्डरदेही।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा कन्हैया विहार कॉलोनी गुण्डरदेही में श्रेष्ठतम समाज एवं स्वस्थ तन, स्वस्थ धन के लिए मूल्य आधारित सात दिवसीय सहज राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि साहित्यकार केशव राम साहू ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक मनुष्य को स्वयं के आत्म चिंतन के लिए प्रतिदिन एक घंटे का समय निकालना चाहिए। ब्रह्म कुमारी बहनों द्वारा खुशहाल जीवन एवं व्यक्तिगत व्यवहार में सौहार्द्र बनाए रखने की प्रेरणा देती है। यही कामयाबी की पाठशाला है। सेवानिवृत्ति वन अधिकारी रामेश्वर चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में स्वस्थ जीवन का महत्व प्रतिपादित करते हुए एक दूसरे के व्यावहारिक जीवन में अनुराग एवं समरसता की बात कही। ब्रह्म कुमारी बहनों ने बताया कि हम शरीर को अपना मान बैठे हैं, वास्तव में आत्मा ही मनुष्य का अपना है जिसे शक्तिशाली बनाने के लिए हमें दैनिक जीवन में सकारात्मक ऊर्जा ग्रहण करना चाहिए। शांति एवं ज्ञान प्राप्ति के लिए सदैव अग्रसर रहें। इस अवसर पर आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी के साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम योग भी कराया गया। जानवी पाल ने भजन व नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राजपाल धनकर, मेघ श्याम चंद्राकर, अर्जुन सिंह मंडावी, महावीर ठाकुर, हेमंत साहू, दुलेश्वर धनकर, हीरापाल, तिलेश साहू, मीनाक्षी देवांगन, लता गांधी, कुसुम साहू, माधुरी तिवारी, झमित ठाकुर की भूमिका रही, संचालन स्नेहा चंद्राकार ने किया।

# जिसमें सुनने की कला है, वह बातों को अच्छी तरह ग्रहण कर पाता है

## संत ऋषभ सागर जी ने बताया सुनने की कला का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पता नहीं हमने कितने प्रवचन सुने, लेकिन हमारे अंदर परिवर्तन नहीं आया, हम इतने कमजोर क्यों हैं कि छोटे–छोटे शब्द भी हमारे भावों को बिगाड़ देते हैं। दरअसल हम शब्दों से, विचारों से और भावों से इतने भरे हुए हैं कि नए विचारों के लिए जगह ही नहीं बन पाती। यही कारण है कि जब हम बच्चे थे तो कोई भी चीज जल्दी सीख जाते थे, लेकिन अब नहीं सीख पाते, विचारों को मन में उतार नहीं पाते।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने अपने प्रवचन में रखते हुए कही। उन्होंने कहा कि सुनना भी एक कला है, जिसमें सुनने की कला है, वह बातों को अच्छे से ग्रहण कर पाता है तथा उसकी समझ भी अन्य की अपेक्षा अधिक विकसित होती है, जिनके समझ का लेवल बढ़ जाता है, वह प्रत्येक परिस्थितियों को स्वीकार कर लेता है, जिससे जीवन में उलझने नहीं आती। उन्होंने कहा कि दो प्रकार के व्यक्तियों में सुनने की पात्रता नहीं आ पाती, पहले जो शंकालु प्रकृति का हो और दूसरा पूर्वाग्रह से ग्रसित व्यक्ति। पूर्वाग्रह से ग्रसित व्यक्ति जो जानता है, उसे ही सही मान लेता है।

उन्होंने कहा कि जिनमें पात्रता होती है वह प्रतिमा से भी सीख लेता है। एकलव्य का उदाहरण हमारे सामने है। पूरी बातें शब्दों में नहीं बताई जा सकती जो पात्र व्यक्ति होता है वह शब्दों के साथ ही भावों को भी समझ लेता है। उन्होंने कहा कि व्यर्थ के विचारों को बाहर कर, ग्रहण कर सकने वाली बातों को आत्मसात करें और अपने जीवन को समृद्ध करें।

### डस्टबीनों का कचरा जलाने से प्रदूषण

**भिलाई।** टाउनशिप में सड़कों और क्रास स्ट्रीट के चौकों पर रखे कई डस्टवीनों के कचरों को जलाने की समस्या बढ़ रही है। सेक्टर 6,7 और सेक्टर 8 आदि में कुछ स्थानों पर रखे डस्वीनों के ओवरफ्लो होने पर कचरे को आग के हवाले किया जा रहा है।

### न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम-अरकार को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार साहू आ. दुवारू राम जाति तेली साकिन डोटोपार तहसील. गुरूर जिला बालोद एवं अन्य 02 द्वारा ग्राम अरकर प.ह.नं. 02 तहसील गुरूर जिला बालोद स्थित भूमि ख.नं. 588 रकबा 0.31 हे. लगान 1.00 रू० के रिकार्डेड भूमिस्वामी दुवारू राम आ. चैतूराम साहू है। दुवारूराम की मृत्यु दिनांक 24.06.2006 को हो गया है। दुवारूराम ने अपने जीवनकाल में अपने नाम पर स्थित उक्त भूमि को अपने पुत्र आवेदकगण के नाम पर दिनांक 25.07.2024 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। अतः पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 16.08.2021 के आधार पर उक्त भूमि पर से मृतक दुवारूराम का नाम विलोपित कर आवेदकगण के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/11/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरूर

### बृजमोहन बोले- दक्षिण विधानसभा कांग्रेसियों के लिए पर्यटन स्थल

**रायपुर।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भाजपा के पास गिनाने के लिए कई काम हैं, कांग्रेस सिर्फ एक योजना बताए। सच्चाई यह है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा कांग्रेस पार्टी के लिए एक पर्यटन स्थल बन गया है। हर 5 साल में कांग्रेस पार्टी रायपुर दक्षिण विधानसभा एक बार घूमने के लिए आती है। कांग्रेस ने मेरे खिलाफ आठ बार नए प्रत्याशी उतारे।

कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए ही दक्षिण विधानसभा में आते हैं। उसके बाद उनका कोई पता-ठिकाना नहीं होता। कांग्रेस नेता चाहे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट हों या फिर भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सभी हर पांचवें साल रायपुर दक्षिण में पर्यटन करने आते है। फिर उसे भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को दक्षिण की विधानसभा की जनता क्यों स्वीकार करेगी और क्यों वोट देगी?



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खुंदनी विद्यालय में शिक्षक लोकेश ने कराया न्योता भोज

**गुरूर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना निर्माण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी व पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के विद्यार्थियों को शिक्षक लोकेश धुवे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठ भीम सिंह साहू, एलके ध्रुव, सीएम ठाकुर, ओपी साहू, नारद साहू, प्रितिमाला, रसोईया तामेश्वर साहू, फलिता साहू, चित्ररेखा उपस्थित थे। इस आयोजन के लिए बच्चों व शिक्षकों ने जन्मदिन के लिए हर्ष व्यक्त किया।

### मेंड़की के ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** ग्राम मेंड़की में निजी खर्च से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां कूड़ा दान के कचरे को साफ किया गया। जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम मेंड़की के वार्ड नंबर 9 में भारी गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वयं के खर्चे से साफ सफाई कराई। ग्राम पंचायत में 3 साल से बनाए गए कूड़ादान की सफाई नहीं होने से कूड़ादान का कचरा घर तक पहुंच रहा था। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं के खर्चे से सफाई करवाई।

### नशे में धुत आरक्षक को एसपी ने किया सस्पेंड

**भिलाई।** आरक्षक नवनीत कलसी को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सस्पेंड कर दिया है। आरक्षक पर ये कार्रवाई झूठ बोलकर अवकाश लेने और चौक चौराहों में लोगों से और दंपति से विवाद करने पर की गई है। मामले में खुर्सीपार पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरक्षक नवनीत कलसी पुलिस लाइन में पदस्थ है। उसकी ड्यूटी मौखिक आदेश पर रानीतरई थाने में लगाई गई थी। दीपावली के दौरान वो बीमार होने का बहाना बनाकर अवकाश पर अपने घर खुर्सीपार आ गया था। तीन नवंबर को मातर का त्यौहार होने से शहर में काफी भीड़भाड़ का माहौल था। छावनी सीएसपी पेट्रोलिंग पर थे। उन्हें पता चला कि डबरापारा ओवर ब्रिज के नीचे कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे हैं। जहां जाम लग गया है। सीएसपी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि तीन -चार युवक आपस में मारपीट कर रहे हैं। आरक्षक को डंडा लेकर आरोपियों को भागने का निर्देश दिया। इसी दौरान शराब के नशे में आरक्षक नवनीत कलसी आया और सीएसपी के हमराह आरक्षक से डंडा छीन लिया। लोगों को मारने लगा। इस पर कलसी ने बताया कि वो दुर्ग पुलिस का आरक्षक है। अवकाश छुट्टी पर है। इस पर सीएसपी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बीमारी की अवकाश पर होने के बाद भी यहां विवाद , मारपीट कर रहे हो सस्पेंड करा दूंगा। इस बात पर आरक्षक वहां से भाग निकला। दो आरोपियों को पकड़कर भिलाई तीन पुलिस ने कार्रवाई की।

### इस बार जिले में 154139 किसानों ने करवाया धान बेचने के लिए पंजीयन

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 से, छोटे 2 और बड़े किसान 3 बार कटवा सकेंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारम्भ की जायेगी, जिसकी तैयारी प्रशासन के आदेश पर समिति प्रबंधकों द्वारा की जा रही है। इसके तहत धान खरीदी के लिए स्टेक, सुरक्षा घेराव, लाइट, सीसी टीवी कैमरा जैसे अनेक सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है, वहीं इस वर्ष प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक मशीन से नाप तौल कर धान की खरीदी की जाएगी, जिससे किसानों को डिस्प्ले में धान का भार नजर आएगा।

- शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 8 लाख 26 हजार 617 मिट्रिक टन धान खरीदी का रखा गया लक्ष्य

प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी 122 समितियों के 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जायेगी, जिसके लिए प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बारदाना उपलब्ध कराया जा चुका है। इस वर्ष भी 50 फीसदी नये बारदाना और 50 फीसदी पुराने बारदाना के माध्यम से धान की खरीदी की जायेगी,



जिसके लिए 4678600 नए बारदाना और पुराना बारदाना 586383 उपलब्ध है।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष किसानों को धान बेचने के लिए चौकन्ना रहना पड़ेगा, क्योंकि छोटे किसानों को धान बेचने के लिए दो बार टोकन जारी होगा, बड़े किसानों को मात्र तीन बार टोकन जारी किया जाएगा, जिससे लापरवाही बरतने वाले किसानों पर अंकुश लगेगा, लेकिन खराब मौसम के दरमियान या आकस्मिक प्रशासनिक छुट्टी जारी होने पर नियम में बदलाव किया जा सकता है। हालांकि इस नियम के चलते धान खरीदी जल्द पूर्ण हो सकती है। यह संभावना जताई जा रही है। वहीं, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में धान की खरीदी की जायेगी जिसके चलते सभी उपार्जन केन्द्रों में सीसीटीवी लगाने का कार्य प्रगति पर है।

### 2258 किसानों ने ऑनलाइन माध्यम से कटवा लिया टोकन

धान बेचने के लिए किसानों द्वारा ऑनलाइन टोकन कटाया जा रहा है, अब तक जिले के कुल 129 उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए 2258 किसानों का टोकन ऑनलाइन माध्यम से काटा जा चुका है। इस वर्ष मोटा किस्म के धान बेचने पर किसानों 2300 रूपये प्रति क्विंटल प्राप्त होगा और पतले किस्म के धान पर 2320 रूपये प्रशासन द्वारा किसानों को खाते के माध्यम से प्राप्त होगा।

### 143 उपार्जन केंद्रों से होगी खरीदी

नोडल अधिकारी सीआर रावटे ने बताया कि इस 2024–25 वर्ष अंतर्गत 122 समिति के 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 8 लाख 26 हजार 617 मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य प्रशासन से प्राप्त है, जिसके तहत पंजीकृत किसानों की संख्या 154139 है। वहीं, धान खरीदी के लिए पूर्ण व्यवस्था उपार्जन केन्द्रों में की जा रही है।

# दल्लीराजहरा नगर पालिका के कर्मचारी आज से हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के नियमित कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 से 14 नवंबर तीन दिवस हड़ताल पर रहेंगे। इस संबंध में सामूहिक अवकाश का ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर को सौपा गया। कर्मचारियों के हड़ताल में रहने से कार्यालयीन कार्य प्रभावित होंगे, जिसमें जन्म -मृत्यु, पेंशन विभाग,लोक निर्माण विभाग, टेक्स वसूली कार्य, स्टोर विभाग, परियोजना विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित समस्त कार्य प्रभावित होंगे।

कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद राम साहू एवं स्थानीय निकाय के अध्यक्ष विपिन बेहरा ने बताया कि इसके पूर्व भी आंदोलन किया गया था। उक्त अवसर पर शासन स्तर पर संचालक द्वारा लिखित में आश्वासन दिया था 6 सूत्रीय मांगों पर जांच परीक्षण के लिए शासन स्तर पर समिति भी गठन किया गया किंतु किसी प्रकार से सार्थक पहल नहीं की गई। इसलिए मजबूरी वंश फिर से प्रदेश स्तर पर बिलासपुर में हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उसी क्रम में बालोद जिला से भी पूरे निकाय के कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में शामिल होंगे। ज्ञापन देने वालों में उप अभियंता भानु, प्रकाश घोष, रामगोपाल चंद्राकर, घनश्याम शर्मा, एलन चंद्राकर, राजेंद्र साहू, बुद्धिमान सिंह, केपी सिंह, इन्द्र यादव, सुनील ताराम सहित अनेक कर्मचारी शामिल थे।

# अरमूरकसा में किचन शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत अरमूरकसा में हल्बा आदिवासी सामुदायिक भवन में किचन सेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य अतिथि में किया गया। विशिष्ट अतिथि संजय बैस जनपद सदस्य, सरोज बाई सरपंच ग्राम पंचायत अरमुरकसा, दयालुराम उपसरपंच थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ धरती मां की पूजा अर्चना के बाद अतिथियों ने गैंती चलाकर किया। मुख्य अतिथि मिथलेश निरोटी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य निधि से किचन शेड निर्माण के लिए दो लाख रुपयों की स्वीकृति कराई गई, जिसका आज भूमिपूजन हो गया है। जल्द ही किचन शेड का निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन में किचन शेड निर्माण होने से ग्रामीणों के वैवाहिक सहित अनेक कार्यक्रम कराने में काफी सुविधा मिलेगी। ग्राम को सुंदर बनाने के साथ विकास कराने के लिए सभी से कदम से कदम मिलाकर सहयोग करने की बात कही।

पंचायत प्रतिनिधियों सहित हल्वा समाज के बंधुओं ने किचन शेड निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने पर मिथलेश निरोटी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच व हल्बा समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा दक्षिण पाटन मंडल में कार्यशाला कल

**जामगांव आर।** भाजपा संविधान के अनुसार पूरे देश में पार्टी का संगठन चुनाव होना है। राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन के आदेशानुसार जिला संगठन के निर्देश पर मंडलों और बूथों में संगठन चुनाव संपन्न कराना है। इसके लिए दक्षिण पाटन मंडल की आवश्यक मंडल कार्यशाला 13 नवंबर को जामगांव आर जैन भवन में 11 बजे आयोजित किया गया है।



कार्यशाला में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दक्षिण पाटन मंडल के प्रभारी रोहित साहू, मंडल चुनाव प्रभारी रविशंकर सिंह, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया एवं राजेश बंछोर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यशाला में समस्त प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बुथ अध्यक्ष, समस्त सक्रिय सदस्यों सहित समस्त कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। निर्वाचन प्रभारी राजेश बंछोर, निर्वाचन सहप्रभारी कमलेश साहू की विशेष उपस्थिति रहेंगे।

# मोहंदीपाट में स्काउट्स-गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 75 वां स्थापना दिवस एवं स्टीकर वितरण का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मोहंदीपाट विकासखण्ड गुण्डरदेही जिला बालोद में किया गया।




सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन एवं स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर द्वारा विभिन्न प्रकार के गेजेट्स झूला दार पुल, ट्रेसल, फ्लेग स्टैंड, ट्राई पॉट स्टैंड, टेंट का निर्माण किया गया। 2 रोवर जिन्होंने प्रवेश पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिये तथा आकांक्षी रोवर के रूप में थे, उन्हें रोवर स्काउट लीडर चंद्रशेखर दिल्लीवार द्वारा सदस्यता बैच पहनाकर दीक्षा संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गई। अन्य सदस्यों द्वारा कैप, स्कार्फ़, पहनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश साहू, सदस्य पालक समिति थानु राम साहू, पूर्व प्राचार्य एच. अमृत, प्राचार्य अर्चना चौरे, अविनाश हरिहरनो, रमेश कुमार साहू, जन्मेजय साहू, भोजेन्द्र चंद्राकर, सुरेश निर्मल, अमरिंदर कौर, प्रभा खोब्रागडे सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्काउट प्रभारी एवं विकासखंड सचिव चंद्रशेखर दिल्लीवार ने किया। कार्यक्रम में सीनियर रोवर लिकेश्वर, खोमेंद्र, हर्षराज, नागेंद्र, विनीत, देवेश, टेकराम एवं समस्त स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर का सहयोग रहा।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर 11 नवम्बर को मोदी की गारंटी लागू करने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री व अन्य विभागीय मंत्रियों व अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



जिन मांगों को लेकर शिक्षक एलबी संवर्ग ज्ञापन सौंपा उनमें मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान प्रदान करने, समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग की पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय द्वारा याचिका में पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश करने तथा शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में करने ज्ञापन सौंपा गया।

संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक सूरज गोपाल गंगबेर ने बताया कि शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत 11 नवंबर को ब्लॉक मुख्यालय में अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी दिलीप साहू, सूरज गोपाल गंगबेर, विक्रम राजपूत बड़ी संख्या मे शिक्षक उपस्थित थे।

# बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव 29 नवंबर को मनाया जाएगा। जिले के इस प्रतिष्ठित आयोजन में वैशाली नगर भिलाई के विधायक रिकेश सेन व क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा उपस्थित रहेंगे।





बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. साधुराम भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष भी बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह जिला–बालोद के प्रांगण में ऐतिहासिक एवं भव्यरूप में मनाने की तैयारी चल रही है। इस समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए क्षेत्र के समाजसेवी पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच मृत्युंजय यादव ग्राम–तरौद (बालोद) को मरणोपरांत 'बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण' 2024 प्रदान किया जायेगा। विद्यालय के प्राचार्य के. ठाकुर एवं प्रभारी राजेश कुमार पिस्दा ने बताया कि शिक्षक–शिक्षिकाएँ व छात्र–छात्राएँ अभी से सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए हैं। समारोह में 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों को बंशीलाल भारद्वाज गौरव सम्मान मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। अंतिम रूपरेखा तैयार करने के लिए 12 नवंबर को शाला विकास समिति, पंचायत प्रतिनिधियों, क्षेत्र के सक्रिय पदाधिकारियों की विद्यालय में बैठक रखी गई है।

### सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर की कार्रवाई

**भिलाई।** कलेक्टर टी एल में शिकायत की गई थी, कि सड़क के किनारे शिवाजी चौक नेहरू नगर में स्थित 90 कैफे, वडक्कम, एवं उसके इर्द-गिर्द स्थित रेस्टोरेंट में बेतरतीब गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं। जिससे आवागमन बाधित होता है। इसकी शिकायत कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से टीएल के समय की गई थी। यह जानकारी मिलते ही निराकरण के लिए नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता, यातायात विभाग, एवं सुपेला थाने से पुलिस बल के सहयोग लेकर के गाड़ियों को हटवाया गया। बहुत सारे युवा वर्ग, पारिवारिक लोग एवं अन्य ग्राहक ग्राहको की भीड़ लगी रहती है। जो भी लोग खाने के लिए वहां पर आते हैं । अपनी गाड़ियां इधर-उधर खड़ा कर देते हैं। सड़क जाम हो जाता है इससे आवागमन बाधित होता है ।उसी को रोकने के लिए बेतरकीब गाड़ियां खड़ी होने के कारण दुकानों से 2500 की चालानी कार्रवाई की गई।

### नगरीय निकाय कर्मचारियों की हड़ताल से पहले ही रार!

**भिलाई।** निगम कर्मचारियों के हड़ताल से पहले ही रार की स्थिति निर्मित हो गई है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने 12 से 14 नवंबर तक प्रदेशव्यापी नगरीय निकायों में हड़ताल का ऐलान किया है। हड़ताल की सफलता के लिए कर्मचारियों से फार्म भी भरवाएं जा रहे हैं। तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर निगम कर्मचारियों से जुड़ा पुराना संगठन समर्थन में नहीं है। यानी इस हड़ताल में इस संगठन के कर्मचारी शामिल नहीं होंगे। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ पंजीयन क्रमांक 494 के महामंत्री शरद दुबे ने स्वयं को हड़ताल से अलग करने का पत्र भी नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव हो लिखा है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज


# खलारी में कोटवार नियुक्ति के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम खलारी में कोटवार नियुक्ति के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम खलारी के ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा ग्राम कोटवार के पद पर पदस्थ रही भान बाई देवदास के परिवार के किसी भी सदस्य की कोटवार के पद पर नियुक्ति नहीं किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसकी प्रतिलिपि न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद के ईशतहार के तहत तहसील कार्यालय में दी गई है।

कोटवार के पद में नियुक्ति के लिए 8 नवंबर तक आवेदन प्रस्तुत किया जाना था। इस आधार पर ग्राम खलारी से लगभग 30 आवेदकों ने कोटवार पद के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया है। कोटवार के पद में नियुक्ति भान बाई देवदास के परिवार के


कलेक्टर महोदय जी
जिला बालोद छत्तीसगढ़
विषय:- ग्राम खलारी में कोटवार नियुक्ति के सम्बन्ध में।
संदर्भ 1:- न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद का ईश्तहार क्रमांक 137 दिनांक 24/10/2024 ।
संदर्भ 2:- कार्यालय ग्राम पंचायत खलारी पत्रक दिनांक 21/10/2024 ।
उपरोक्त शब्दर्भित पत्र का अवलोकन करें,जिसके माध्यम से ग्राम खलारी के ग्राम कोटवार के पद में कार्यरत रही भान बाई देवदास के इस्तीफे एवं कोटवार के पद में नई नियुक्ति के बारे में जानकारी दिया गया है।
1. आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम खलारी के ग्राम सभा में ग्रामीणों के द्वारा ग्राम कोटवार के पद पर पदस्त रही भान बाई देवदास के परिवार के किसी भी सदस्य की कोटवार के पद पर नियुक्ति नहीं किया जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है जिसकी प्रतिलिपि संदर्भ क्रमांक 2 के तहत तहसील कार्यालय में दिया गया है।
2. शब्दार्थ पत्र क्रमांक 1 के तहत कोटवार के पद में नियुक्ति के लिए दिनांक 8 नवंबर 2024 तक आवेदन प्रस्तुत किया जाना था,इस आधार पर ग्राम खलारी से लगभग 30 आवेदकों ने कोटवार पद के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया है।
कोटवार के पद में नियुक्ति भान बाई देवदास के परिवार के अलावा उपरोक्त आवेदकों में से सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति तहसील कार्यालय द्वारा किया, ग्रामवासियों के द्वारा स्वीकार्य होगा।
कार्यालय ग्राम सभा के अनुमोदन व समस्त ग्रामवासियों के विरोध बावजूद भान बाई देवदास के परिवार के सदस्य की आवेदन स्वीकार कर ग्राम सभा अनुमोदन को अनदेखा किया गया, इससे समस्त ग्रामवासियों के द्वारा उग्र आंदोलन,मुख्य मार्ग पर चक्काजाम व आगामी किसी भी चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

अलावा उपरोक्त आवेदकों में से सक्षम व्यक्ति की नियुक्ति तहसील कार्यालय द्वारा किया जाए जो ग्रामवासियों के द्वारा स्वीकार्य होगा। कार्यालय ग्राम सभा के अनुमोदन व ग्रामवासियों के विरोध बावजूद भानबाई देवदास के परिवार के सदस्य की आवेदन स्वीकार कर ग्राम सभा अनुमोदन की अनदेखी की गई, इससे समस्त ग्रामवासियों के द्वारा उग्र आंदोलन, मुख्य मार्ग पर चक्काजाम व आगामी किसी भी चुनाव का बहिष्कार किये जाने की बात कही गई है।

